**परीक्षा विभाग,**

**शासकीय होलकर (आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.)**

क्रमांक/ 481 /परीक्षा/2025 दिनांकः 08.01.2025

# आवश्यक सूचना

**विशेष प्रायोगिक परीक्षा / इंटर्नशिप / प्रोजेक्ट वायवा परीक्षा**

सत्र 2024–25 अन्तर्गत बी.एस–सी. / बीसीए पंचम सेमेस्टर, मुख्य एवं एटीकेटी परीक्षा दिसम्बर–2024 – जनवरी–2025 में सम्मिलित समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि ऐसे विद्यार्थी जिनकी मुख्य प्रायोगिक परीक्षा/इंटर्नशिप/प्रोजेक्ट वायवा परीक्षा संपन्न हो चुकी है और वे किसी कारण से मुख्य प्रायोगिक / इंटर्नशिप / प्रोजेक्ट वायवा परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके हैं और यदि अनुपस्थित होने का उचित कारण प्रस्तुत करते हैं, तो वे विशेष प्रायोगिक / इंटर्नशिप / प्रोजेक्ट वायवा परीक्षा हेतु आवेदन कर सकेंगे। इस हेतु परीक्षार्थी संबंधित विभागाध्यक्ष की अनुमति के उपरांत, नियमानुसार निर्धारित परीक्षा शुल्क ऑनलाइन **SBI Collect** के माध्यम से दिनांक 18.01.2025 तक जमा करें। लिखित आवेदन–पत्र एवं ऑनलाइन जमा की गई परीक्षा शुल्क रसीद की छायाप्रति के साथ परीक्षा विभाग की छात्रशाखा में जमा करें। इस दिनांक तक शुल्क जमा न करने वाले परीक्षार्थी इस विशेष व्यवस्था के लाभ से वंचित रहेंगे।

इन विद्यार्थियों की विशेष प्रायोगिक / इंटर्नशिप / प्रोजेक्ट वायवा परीक्षा संबंधित विभागों में मुख्य सैद्धांतिक परीक्षा के समाप्ति उपरांत दिनांक 27, 28, 29 जनवरी 2025 को आयोजित की जावेगी। परीक्षा तिथि तथा समय के लिए संबंधित विषय के विभागाध्यक्ष एवं परीक्षा विभाग से संपर्क करें।

नोटः–विद्यार्थी अंतिम तिथि का विशेष ध्यान रखें।

**परीक्षा नियंत्रक**
**शा. होलकर (स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय,**
**इन्दौर (म.प्र.)**

**प्राचार्य**
**शा. होलकर (स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय,**
**इन्दौर (म.प्र.)**